भारत सरकार
नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 69
गुरुवार, दिनांक 02 फरवरी, 2023 को उत्तर दिए जाने हेतु

<u>सौर प्रणाली के माध्यम से मकानों और गलियों में प्रकाश व्यवस्था</u>

69. श्री एम. बदरुद्दीन अजमलः क्या नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार असम के 'चार क्षेत्रों', विशेषकर धुबरी, गोलपारा, दक्षिण सलमारा-मनकाचर और बारपेटा जिलों में सौर प्रणाली के माध्यम से मकानों और गलियों में प्रकाश व्यवस्था उपलब्ध कराने हेतु कोई योजना कार्यान्वयन कर रही है;

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और जिला-वार कितने लाभार्थी हैं; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा एवं विद्युत मंत्री
(श्री आर.के. सिंह)

(क) से (ग) नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ऑफ-ग्रिड और विकेन्द्रीकृत सौर पीवी अनुप्रयोग कार्यक्रम चरण-III और अटल ज्योति योजना (अजय) चरण-II को क्रमशः दिनांक 31.03.2021 और 31.03.2020 तक कार्यान्वित कर रहा था, जिसमें असम राज्य में सौर स्ट्रीट लाइटों की स्थापना शामिल है। असम राज्य में इन योजनाओं के तहत स्थापित सौर स्ट्रीट लाइटों का जिला-वार ब्यौरा अनुलग्नक में दिया गया है।

एमएनआरई ने ऑफ-ग्रिड और विकेंद्रीकृत सौर पीवी अनुप्रयोग कार्यक्रम चरण-III में सौर होम लाइटिंग प्रणालियों की स्थापना के लिए सहायता प्रदान करना बंद कर दिया है क्योंकि इस योजना को दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना और प्रधानमंत्री सहज बिजली हर घर योजना "सौभाग्य" योजनाओं के तहत विद्युत मंत्रालय द्वारा सहायता प्रदान की जा रही थी।

अनुलग्नक

"सौर प्रणाली के माध्यम से मकानों और गलियों में प्रकाश व्यवस्था" के संबंध में पूछे गए दिनांक 02.02.2023 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 69 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

असम राज्य में स्थापित सौर स्ट्रीट लाइटों की जिला-वार संख्या

क्र.सं.	जिला	ऑफ-ग्रिड और विकेन्द्रीकृत सौर पीवी अनुप्रयोग कार्यक्रम चरण-III के तहत स्थापित सौर स्ट्रीट लाइटें	अटल ज्योति योजना चरण-III
1	बकसा	600	
2	बरपेटा	10	1000
3	बिश्वनाथ	760	
4	बोंगाईगाँव	2830	
5	काचर	20	
6	चरईदेव		750
7	धेमाजी	322	
8	डिब्रूगढ़	360	
9	दीमा हासाओ	190	
10	गोलपारा	8	133
11	गोलाघाट	157	125
12	जोरहट	786	
13	कामरूप	260	208
14	कामरूप मेट्रोपोलिटन	340	311
15	करबी ऐंगलोंग	20	1000
16	करीमगंज	100	1000
17	लखीमपुर	2000	
18	मरिगाँव	30	
19	नागाँव	137	1875
20	नलबाड़ी	20	93
21	शिवसागर	1785	
22	सोनितपुर	2922	
23	तिनसुकिया	290	
24	उडालगुडी	12	
कुल		13959	6495

*****